**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding widening of Rail Under Bridge No. 98/2 in Bhiwandi Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी):** मेरे भिवंडी लोक सभा क्षेत्र के शहापुर क्षेत्र में आठगाँव और तानशेत यह दो मध्य रेल के स्थानक हैं. इन दो स्थानको के बीच RUB क्र. 18/2 रेल अंडरब्रिज है । जहाँ से 4 गांव और 8 आदिवासी बस्ती के निवासी अपनी रोज की दिनचर्या/यातायात प्रारंभ करते हैं । यह RUB 2008 से पहले 4 मीटर चौडा था, परन्तु 2008 मे कंस्ट्रक्शन कर इस RUB की चौड़ाई 2.3 मीटर कर दी । गयी । जिस कारण गाँवों में न कोई बड़ी गाड़ी आ सकती है, न ही कोई एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड इमरजेन्सी में गाँव तक पहुँच सकती है । दूसरी ओर, बारिश के वक्त इस RUB में पानी भरने के कारण 4 गाँव तथा 8 आदिवासी बस्तियों से पूरा सम्पर्क ही टूट जाता है ।

अतः रेल मंत्री तथा रेल प्रशासन से मांग है कि आठगाँव और तानशेत के बीच रेल अंडरब्रिज को चौड़ा कराया जाये ।